आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 18.01.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा हाट का शुभारंभ किया।
2. दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त के रूप में पूर्वा गर्ग ने अपने कार्यकाल की शुरूआत की। उन्होंने कहा त्वरित समाधान और पारदर्शी प्रशासन उनकी प्राथमिकता रहेगी।
3. राँची में राष्ट्रीय स्कूल ट्रैक साइकलिंग प्रतियोगिता में द्वीपों की टीम ने छ पदक जीतकर द्वीप समूह का नाम रोशन किया।
4. राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी–एनटीए ने जेईई मेन 2026 के पहले सत्र की परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं।

<><><><><><><>

केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम–एम.एस.एम.ई–मंत्री जीतन राम मांझी ने आज नई दिल्ली में पीएम विश्वकर्मा हाट–2026 का उद्घाटन करते हुए एम.एस.एम.ई को देश के विकास की रीढ़ बताया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन शिल्पकारों को उनके उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग का मंच उपलब्ध कराएगा। श्री मांझी ने पीएम विश्वकर्मा योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह योजना देश में बेरोजगारी खत्म करने का माध्यम बनेगी। उन्होंने इस आयोजन में भाग लेने के लिए शिल्पकारों की सराहना की। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना शिल्पकारों को तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण और बाजार तक पहुंच उपलब्ध करा रही है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आने

वाले दिनों में ये शिल्पकार एक उद्यमी के तौर पर उभरेंगे और देश की विकसित भारत की यात्रा में योगदान करेंगे।

<><><><><><><><><><><>

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने आज कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर–एन.सी.सी. अनुशासन, साहस और कर्तव्य परायणता की शिक्षा देती है। उन्होंने कहा कि 17 लाख से अधिक कैडेटों में से दो हजार चार सौ कैडेट को गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने का अवसर मिलता है। केंद्रीय मंत्री ने नई दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राऊंड में एन.सी.सी. गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि देश का सौभाग्य है कि उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री एन. सी.सी. के कैडेट रहे हैं। श्री सेठ ने पंजाब में आई बाढ़ के दौरान एन.सी.सी. और सेना की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष प्रभावित लोगों को बचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। इस अवसर पर श्री सेठ ने कैडेटों से बातचीत की।

<><><><><><><><><><><>

विशेष राष्ट्रीय एकता शिविर के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्‌ों ने आज प्रसिद्ध चूना पत्थर और बाराटांग की गुफाओं का शैक्षिक और साहसिक यात्रा कर क्षेत्र की जैव विविधता और भूवैज्ञानिक चमत्कार का अनुभव किया। यह यात्रा एन सी सी आर्मी यूनिट के कमांनडिंग ऑफिसर कर्नल के वाई सिंह के नेतृत्व में हुआ।

<><><><><><><><><><><>

भारतीय प्रशासनिक अधिकारी पूर्वा गर्ग ने कल औपचारिक रूप से दक्षिण अंडमान की उपायुक्त के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इसके साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन के प्रमुख के रूप में अपने कार्यकाल की शुरुआत की। सुश्री पूर्वा गर्ग

ने यह कार्यभार निवर्तमान उपायुक्त अर्जुन शर्मा के पदमुक्त होने के उपरांत संभाला है। कार्यभार ग्रहण के पश्चात उपायुक्त पूर्वा गर्ग ने कहा कि जिले के समग्र विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा प्रशासनिक सेवाओं को और सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और पारदर्शी प्रशासन उनकी प्राथमिकता रहेगी।

<><><><><><><>

नासा ने अपने शक्तिशाली नए चंद्रमा रॉकेट को लांच पैड तक पहुंचा दिया है। इसके साथ ही पचास से अधिक वर्षों के बाद मानवयुक्त चंद्रमा फ्लाई अराउंड मिशन की तैयारियां तेज हो गई हैं। तीन सौ बाइस फुट ऊंचा स्पेस लॉच सिस्टम रॉकेट फ्लोरिडा स्थित कैनेडी अंतरिक्ष केन्द्र से लांच पैड तक ले जाया गया। इस अभियान के अंतर्गत चार अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा की परिक्रमा कर लगभग दस दिन की यात्रा के बाद पृथ्वी पर लौटेगें। इस मिशन का शुभारम्भ सम्भवतः फरवरी के शुरू में ही किया जा सकता है।

<><><><><><><>

रांची स्थित सिदू कान्हू वेलोड्रोम में 13 से 17 जनवरी 2026 तक आयोजित उन्हत्तरवीं राष्ट्रीय विद्यालय ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता में अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर द्वीपों का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन अंडर–17 बालक टीम के किंगडम ब्राइट, सॉ ज़ेकारियाह, लियोनाल्ड बेकर और मेसी कार्टसन ने टीम स्प्रिंट स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। वहीं अंडर–17 बालिका टीम की रोसी वायलेट, आई. एस. ब्रिडनी, नमिता वायलेट और ऐन मिन्ज ने भी इसी स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। समग्र रूप से द्वीप टीम ने एक स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य सहित कुल छह पदक अर्जित किए।

इसके साथ ही टीम ने अंडर–17 बालिका वर्ग में ओवरऑल उपविजेता तथा अंडर–17 बालक वर्ग में द्वितीय उपविजेता स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नमिता वायलेट का चयन आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी हेतु नई दिल्ली में आयोजित इंडिया कैंप के लिए किया गया है। शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह ने टीम, कोच और प्रबंधक को बधाई दी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी–एनटीए ने जेईई (मेन) 2026 के पहले सत्र की परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। 21 से 24 जनवरी के बीच परीक्षा देने वाले परीक्षार्थी आधिकारिक वेबसाइट jeemain.nta.nic.in पर अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार कयाकिंग और कैनोइंग एसोसिएशन ने 24 जनवरी, से शुरू होने वाली विभिन्न चैंपियनशिप की सूची जारी कर दी है। ओपन स्टेट सीनियर चैंपियनशिप– कम–सिलेक्शन ट्रायल के लिए एंट्री 23 जनवरी तक खुली है और चौबीस जनवरी को इसका सेलेक्शन किया जाएगा। ASMITA लीग के लिए उनतीस जनवारी तक महिलाए अपने नामों का पंजीकरण करा सकती है, जो इक्कतीस जनवरी को आयोजित होगी। जूनियर और सब–जूनियर ओपन स्टेट चैंपियनशिप–कम–सिलेक्शन ट्रायल एक फरवरी को होगा जूनियर वर्ग के लिए उम्मदवारों का जन्म एक जनवरी दो हजार नौ से इकतीस दिसम्बर दो हजार बारह के बीच, सब जूनियर के लिए एक जनवरी दो हजार बारह से इकतीस दिसम्बर दो हजार चौदह के बीच होने चाहिए। एसोसिएशन की ओर से सभी पैडलर्स को सलाह

दी गई है कि वे चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए गूगल फॉर्म के माध्यम से अपने नामों का पंजीकरण करें। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय समय के दौरान स्टेट ओलंपिक एसोसिएशन कार्यालय, नेताजी स्टेडियम में संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

पुडुमदुरै स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में श्रवण बाधित बच्चों के समावेशन विषय पर अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों और अभिभावकों को समावेशी शिक्षा के लिए सक्षम बनाना था। सात सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम में 14 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सत्रों में श्रवण बाधा की समझ, कक्षा में समावेशी रणनीतियां और अभिभावक सहयोग पर जानकारी दी गई। साथ ही व्यावहारिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित कुल चौदह लोगों ने भाग लिया।

<><><><><><>

शिक्षा विभाग द्वारा आज से 20 जनवरी तक राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से शाम 7 बजे तक खुली रहेगी। इस प्रदर्शनी में विभिन्न कला विधाओं और रचनात्मक कृतियों को प्रदर्शित किया जाएगा। कला प्रेमियों एवं विद्यार्थियों को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

<><><><><><>